# कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड, देहरादून।

Email id:-ccfadmin-forest-uk@nic.in Ph.No. 0135-2741461, 2746934, Fax-2741630, 2741462


पत्रांक 29-184/30-1 देहरादूनः दिनांक 11, अगस्त 2023

Whatsapp से भी परिचालित

सेवा में,

1. समस्त प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड।
2. समस्त अपर प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड।
3. समस्त मुख्य वन संरक्षक, उत्तराखण्ड।
4. समस्त वन संरक्षक/निदेशक, उत्तराखण्ड।
5. समस्त प्रभागीय वनाधिकारी/उप निदेशक, उत्तराखण्ड।

विषय :— **15 अगस्त, 2023 स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों एवं अन्य को सम्मानित किये जाने के संबंध में।**

संदर्भः— इस कार्यालय क पत्रांक ख–80/30–1 दिनांक 20.07.2023।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र द्वारा आगामी 15 अगस्त, 2023 स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कार्मिको/व्यक्ति विशेष को सम्मानित किये जाने के लिए उनके नाम के प्रस्ताव वन विभाग के समस्त कार्यालयों से मांगे गये थे, जिसके सापेक्ष विभिन्न कार्यालयों से कुल 88 अधिकारियों/कार्मिकों/अन्य के नाम के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपयुक्त उम्मीदवारों को पुरस्कृत किये जाने के लिए उनके चयन हेतु प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड महोदय द्वारा गठित चयन समिति द्वारा दिनांक 09.08.2023 को परीक्षण किया गया। चयन समिति द्वारा उक्तानुसार प्राप्त प्रस्तावों में से कुल 21 अधिकारियों/कर्मचारियों/वन पंचायत सरपंचों/सदस्यों एवं अन्य को 15 अगस्त, 2023 के अवसर पर सम्मानित किये जाने हेतु चयनित किया गया है **(सूची संलग्न–1)**।

उपरोक्त सूची के अनुसार चयनित अधिकारियों/कर्मचारियों एवं अन्य को प्रशस्ति पत्र वन मुख्यालय के प्रांगण में दिनांक 15 अगस्त, 2023 को प्रमुख वन संरक्षक (HoFF) महोदय द्वारा प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त, 2023) का कार्यक्रम प्रातः 8:58 बजे से प्रारम्भ होगा।

सभी कार्यालयाध्यक्षों से अनुरोध है कि वे अपने कार्यालय से चयनित अधिकारियों/कर्मचारियों एवं अन्य को स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त, 2023 को वन मुख्यालय, 85/87 राजपुर रोड़, देहरादून में प्रतिभाग/प्रशस्ति पत्र प्राप्ति हेतु भेजने का कष्ट करें, जिन अधिकारियों/कर्मचारियों को वर्दी अनुमन्य है, वह वर्दी के साथ प्रतिभाग करेंगे। यह भी निर्देश दिये जाते है कि जिन अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र दिया जाना है, उनके प्रतिवेदक अधिकारी इसकी प्रविष्टि उनकी चरित्र पंजिका में भी करना सुनिश्चित करें तथा समस्त प्रतिभागी कार्यक्रम के निर्धारित समय से 15 मिनट पूर्व वन मुख्यालय प्रांगण में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

ऐसे अधिकारी/कार्मिक व अन्य व्यक्ति विशेष जो पहाड़ी क्षेत्र में भारी वर्षा/भूस्खलन व अन्य अपरिहार्य कारणों से पहुँचने में असमर्थ हो उनकी सूचना इस कार्यालय को दिनांक 14.08.2023 से पूर्व ई–मेल के माध्यम से प्रेषित की जाये, ऐसे चयनित उम्मीदवारों का प्रशस्ति पत्र/स्मृति चिन्ह सम्बधित कार्यालय को पृथक से उपलब्ध करा दिया जायेगा।

<u>संलग्नक–चयनित सूची।</u>

भवदीय

11/8/23

(बी0पी0 गुप्ता)

अपर प्रमुख वन संरक्षक प्रशासन,

उत्तराखण्ड, देहरादून।

आगामी 15 अगस्त, 2023 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों एवं व्यक्ति विशेष को सम्मानित किये जाने हेतु चयन समिति की संस्तुति उपरान्त उपयुक्त उम्मीदवारों (Candidates) का विवरण

| क0 सं0 | अधिकारी/कर्मचारी/व्यक्ति विशेष का नाम | पदनाम | कार्यालय/प्रमाग का नाम | अप्रैल 2022 से वर्तमान तक किये गये उत्कृष्ट कार्यों का विवरण | श्रेणी | चयन समिति की संस्तुति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री कनीष कुमार | वन आरक्षी | मु0व0सं0/व0सं0, अनु0वृ0, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी | आधुनीकीकरण एवं टिश्यू कल्चर लैब की स्थापना एवं वन अनुसंधान केन्द्र के विभिन्न सूचना केन्द्रों हेतु मृदा प्रदर्शन माडल के निर्माण किया गया। | वन अनुसंधान के क्षेत्र में। | चयनित |
| 2 | श्री दीक्षित पाठक | कनिष्ठ अनुसंधान सहायक | मु0व0सं0/व0सं0, अनु0वृ0, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी | अनुसंधान रेंज, देहरादून के अन्तर्गत कालसी क्षेत्र में लेन्टाना का उन्मूलन करके सफल मियावाकी रोपण के प्रयोग एवं अष्टवर्ग प्रजातियों के अभिलेखीकरण के क्षेत्र व सर्वेक्षण के संबंध में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है। | वन अनुसंधान के क्षेत्र में। | चयनित |
| 3 | श्रीमती काजल रावत | कम्प्यूटर ऑपरेटर | अ0प्र0व0सं0, पर्या0, उत्तराखण्ड, देहरादून। | मा0 एन0जी0टी0 के प्रकरणों को अपडेट किये जाने एवं मेरी लाइफ कार्यक्रम एवं मुख्यालय स्तर पर कार्यक्रमों के आयोजन मे उत्कृष्ट योगदान दिया गया। | अभिलेखीकरण व राजकीय कार्यक्रमों के संचालन हेतु। | चयनित |
| 4 | श्रीमती पूनम पंत | वन बीट अधिकारी | सि0सो0व0प्र0, अल्मोड़ा | वन पंचायत देवली एवं वन पंचायत तलाड व खत्याडी में वर्षा जल संरक्षण कार्य, पौधारोपण कार्य किया गया तथा प्रत्येक दिन फायर ड्रील में स्वयं उपस्थित रहते हुए वनाग्नि रोकथाम में उत्कृष्ट योगदान दिया। | वन सुरक्षा एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में। | चयनित |
| 5 | सुश्री नेहा बिष्ट | ईको क्लब प्रभारी, प्रवक्ता–जीव विज्ञान, राजकीय इन्टर कॉलेज, बुरांश खण्डा। | व0सं0 यमुना वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून | बुरांसी वन में 5500 बुरांश के पौधों को गोद लेकर उनकी देखभाल करना। | सामुदायिक वानिकी के क्षेत्र में। | चयनित |
| 6 | श्री कमलेश्वर प्रसाद भट्ट | बुरांसीवन समन्वय, (प्रवक्ता–अर्थशास्त्र), राजकीय इन्टर कॉलेज, बुरांश खण्डा। | व0सं0 यमुना वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून | 1. आर्गेनिक सीड बॉल बनाकर थ्रो किये गय। सीन–सल्याडा बैंक, बुरांशी वन, जड़ैत।<br>2. हरेला पर्व पर पौधारोपण छायादार पौधे–60, फलदार पौधे–30, चायपत्ती पौधे–50।<br>3. बुरांसी वन में पौधें की देखरेख एवं साफ–सफाई।<br>4. हिमालय बचाओं अभियान के तहत पौधारोपण एवं प्लास्टिक कचरे की साफ–सफाई।<br>5. वन्यजीव संरक्षण सप्ताह के अन्तर्गत जन–जागरण अभियान। | वानिकी व प्रदूषण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु। | चयनित |

आगामी 15 अगस्त, 2023 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों एवं व्यक्ति विशेष को सम्मानित किये जाने हेतु चयन समिति की संस्तुति उपरान्त उपयुक्त उम्मीदवारों (Candidates) का विवरण

| क्र0 सं0 | अधिकारी/ कर्मचारी/ व्यक्ति विशेष का नाम | पदनाम | कार्यालय/प्रभाग का नाम | अप्रैल 2022 से वर्तमान तक किये गये उत्कृष्ट कार्यों का विवरण | श्रेणी | चयन समिति की संस्तुति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | श्री संतोष कुमार पंत | उप प्रभागीय वनाधिकारी, खटीमा | वन संरक्षक, तराई पूर्वी, हल्द्वानी, नैनीताल। | 1. दिनांक 22.07.2023 को वन्यजीव तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 01 टाईगर की खाल व 10 किलो टाईगर की हड्‌डी बरामद कर कुल 07 तस्करों को जेल भेजा।<br>2. सालबोझी क्षेत्र में 23 व्यक्तियों के विरूद्ध जुर्म इजरा कराते हुए भारी मात्रा में अवैध प्रकाष्ठ को बरामद किया। विगत 50 वर्षों से वन भूमि पर अतिक्रमण कार्यों को बेदखली की कार्यवाही में उल्लेखनीय कार्य किया गया। | वन व वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में। | चयनित |
| 8 | श्री अनिल कुमार जोशी | उप प्रभागीय वनाधिकारी, गौला | तराई पूर्वी, हल्द्वानी, नैनीताल। | 1. दिनांक 01.01.2023 को किशनपुर रेंज अन्तर्गत क्लच वायर में फसे तेंदुयें के सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर जंगल में रिलीज किया गया।<br>2. दिनांक 11.02.2023 को डौली रेंज अन्तर्गत कंटीली/क्लच वायर में फसे तेंदुयें के सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर जंगल में रिलीज किया गया।<br>3. आरक्षित वन क्षेत्र से 55 है0 वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त किये जाने की कार्यवाही में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।<br>4. तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी में प्रथम बार आयोजित बर्ड सर्वे में नोडल अधिकारी के रूप में सराहनीय कार्य किया गया। | वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में। | चयनित |
| 9 | श्री देवेन्द्र सिंह बिष्ट | कनिष्ठ सहायक | वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त। | इनके द्वारा पश्चिमी वृत्त कार्यालय में कोर्ट कैस से सम्बन्धित कार्यों को उत्कृष्टता के साथ किया जा रहा है तथा अप्रैल 2022 से अद्यतन तक विभिन्न प्रजाति के कुल 34 सांपों का रेस्क्यू कर उनके प्राकृतिक वास स्थलों में सुरक्षित छोड़कर सराहनीय कार्य किया गया। | विधि व वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में। | चयनित |
| 10 | श्री सुरेश सिंह चौहान | अपर सांख्यिकीय अधिकारी | कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड, देहरादून। | साख्यिकीय शाखा के कार्य के साथ-साथ जन शिकायती प्रकरणों के विशलेषण व निस्तारण का कार्य उच्च कुशलता के साथ किया जा रहा है। | प्रशासनिक कार्यकुशलता हेतु। | चयनित |

आगामी 15 अगस्त, 2023 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों एवं व्यक्ति विशेष को सम्मानित किये जाने हेतु चयन समिति की संस्तुति उपरान्त उपयुक्त उम्मीदवारों (Candidates) का विवरण

| क0 सं0 | अधिकारी/ कर्मचारी/ व्यक्ति विशेष का नाम | पदनाम | कार्यालय/प्रभाग का नाम | अप्रैल 2022 से वर्तमान तक किये गये उत्कृष्ट कार्यों का विवरण | श्रेणी | चयन समिति की संस्तुति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | श्री सुदर्शन सिंह पंवार | रेस्क्यू टीम सदस्य–QRT | देहरादून वन प्रभाग, देहरादून | इनके द्वारा विभिन्न प्रजाति के सांपों को रेस्क्यू करने का कार्य किया जाता है, दिनांक 06.08.2023 को इन्दिरा नगर फॉरेस्ट कालोनी से 04 सांपों को रेस्क्यू कारने का कार्य किया गया है। | वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में। | चयनित |
| 12 | श्री सुमित सिंह नेगी | वरिष्ठ सहायक | मु0व0सं0, अनु0मू0आई0टी0 एवं आधु0, उत्तराखण्ड, देहरादून | राजकीय कार्यों के सुचारू सम्पादन हेतु विशेष प्रयास व विभिन्न एन0जी0ओ0 से संपर्क स्थापित कर इस वर्षाकाल मे कचनार, शीशम, आवंले के 100 से अधिक पौधों का वृक्षारोपण करने हेतु सार्थक प्रयास किये गये एवं वृक्षारोपण किया गया। | प्रशासनिक कार्यकुशलता व सामुदायिक वानिकी के क्षेत्र में। | चयनित |
| 13 | श्री मनोज प्रसाद देवराड़ी | वन क्षेत्राधिकारी | प्रभागीय वनाधिकारी, अलकनंदा भू0सं0व0प्र0, गोपेश्वर | इनके द्वारा भूमि संरक्षण, जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्य उत्कृष्टता के साथ किया गया है। | वन, जल एवं मृदा संरक्षण के क्षेत्र में। | चयनित |
| 14 | श्रीमती मीना तिवारी, ग्राम व पो0 गोपेश्वर। | सामाजिक कार्यकर्ता | प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर। | इनके द्वारा कोरोना महामारी के समय से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र के गरीब निवासियों को निःशुल्क मास्क एवं सेनेटाईजर का वितरण किया गया व पर्यावरण बचाने हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं ग्रामीण महिलाओं को जैविक खेती हेतु प्रोत्साहन प्रदान किये जाने का कार्य किया जा रहा है। जिला मुख्यायल के वृद्धाश्रम में "राज्य स्थापना दिवस" चमोली में चल रहें वृद्ध जनों के साथ मिलकर मनाया ताकि उनको भी अहसास रहें कि इस राजय को बनाने में उनकी भी अहम भूमिका रही है। | सामाजिक, सामुदायिक वानिकी व पर्यावरण के क्षेत्र में। | चयनित |

आगामी 15 अगस्त, 2023 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों एवं व्यक्ति विशेष को सम्मानित किये जाने हेतु चयन समिति की संस्तुति उपरान्त उपयुक्त उम्मीदवारों (Candidates) का विवरण

| क्र0 सं0 | अधिकारी/ कर्मचारी/ व्यक्ति विशेष का नाम | पदनाम | कार्यालय/प्रभाग का नाम | अप्रैल 2022 से वर्तमान तक किये गये उत्कृष्ट कार्यो का विवरण | श्रेणी | चयन समिति की संस्तुति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | श्री सुधीर तिवारी ग्राम व पो0 गोपेश्वर। | सामाजिक कार्यकर्ता | प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर। | इनके द्वारा विवरणानुसार चरण पादुका गोथला समिति मे ग्वाड़ गांव में पौधारोपण किया गया साथ ही अनुसूया माता मंदिर व सिरोली के जंगलों में विभिन्न प्रकार के प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। वन विभाग के साथ मिलकर गांव–गांव में गोष्ठियां व रैलियां निकालर जन जागरूकता अभियान चलाया गया है। "डाली लगोला जीवन बचोला" अभियान के तहत नवदम्पति (दूल्हा–दूल्हन) के द्वारा फलदार पौधे लगाये जाते है। जनपद में विभिन्न ट्रस्ट एवं वन विभाग के साथ मिलकर प्लास्टिक उन्मूलन बुग्याल बचाओं कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया जाता है। | सामुदायिक वानिकी व जन जागरूकता के क्षेत्र में। | चयनित |
| 16 | श्री विकास कुमार | वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक | प्रमुख वन संरक्षक, वन पंचायत, देहरादून। | वन पंचायतों व अतिक्रमण की सूचना संकलन, विभिन्न बैठको में महत्वपूर्ण योगदान, अभिलेखीकरण, जन शिकायती प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही में उत्कृष्ट योगदान दिया गया। | वन पंचायत प्रबन्धन के क्षेत्र में। | चयनित |
| 17 | श्रीमती आशा देवी पत्नी स्व0 गोपाल राम | ग्राम कठूड पो0 टंगसा जिला चमोली। | केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर। | इनके द्वारा कठूड वन पंचायत के अन्तर्गत वृक्षारोपण, लैण्टाना/कालाबासा आदि को हटाने के कार्य किये गये। कठूड वन पंचायत की भूमि पर किये गये अतिक्रमण को स्वेच्छा से अतिक्रमण खाली करवाया गया। | वृक्षारोपण, लैण्टाना उन्मूलन व वन पंचायत भूमि से अतिक्रमण हटाये जाने हेतु। | चयनित |
| 18 | श्री हर्षवर्धन गड़िया | वन बीट अधिकारी | प्र0व0, चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत | इनके द्वारा माह अगस्त 2018 में गस्त के दौरान रास्ते में पड़ने वाले खोपाताल बरसाती नाले मे नहा रहें स्कूली बच्चों की चिखने–चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। श्री गड़िया तुरन्त दौड़कर वहॉ पहुचे तथा देखने में पता चला कि दो बच्चे उस मटमैले बरसाती नाले में डूब रहें थे। उन्हें डूबते देखकर बच्चों को बचाने के लिए अपनी जान जोखिम मे डालकर बरसाती नाले में कूद गये व गोता लगा कर बच्चों को बाहर निकाला व परिजनों के सुपुर्द किया। | जन सुरक्षा के क्षेत्र में | चयनित |

**आगामी 15 अगस्त, 2023 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों एवं व्यक्ति विशेष को सम्मानित किये जाने हेतु चयन समिति की संस्तुति उपरान्त उपयुक्त उम्मीदवारों (Candidates) का विवरण**

| क्र0 सं0 | अधिकारी/कर्मचारी/व्यक्ति विशेष का नाम | पदनाम | कार्यालय/प्रभाग का नाम | अप्रैल 2022 से वर्तमान तक किये गये उत्कृष्ट कार्यों का विवरण | श्रेणी | चयन समिति की संस्तुति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | श्री अमित कुमार ग्वासीकोटी | उप प्रभागीय वनाधिकारी, बिजरानी उप प्रभाग। | फील्ड डायरेक्टर, कार्बेट टाइगर रिजर्व, उत्तराखण्ड, रामनगर, नैनीताल। | इनके द्वारा कार्बेट टाइगर रिजर्व की बिजरानी एवं सर्पदुली रेंजों में अवैध अतिक्रमण को हटाकर वन क्षेत्र अतिक्रमण मुक्त करने में इनके द्वारा अत्यन्त विशेष योगदान रहा है। बाघ रेस्क्यू कार्य में भी इनके द्वारा पूर्ण योगदान दिया गया है। | वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने व वन्यजीव संरक्षण हेतु। | चयनित |
| 20 | श्री संदीप गिरी | वन क्षेत्राधिकारी, ढेला रेंज | फील्ड डायरेक्टर, कार्बेट टाइगर रिजर्व, उत्तराखण्ड, रामनगर, नैनीताल। | इनके द्वारा कार्बेट टाइगर रिजर्व की ढेला रेंज के अन्तर्गत मानव वन्यजीव संघर्ष के न्यूनीकरण एवं जंगली हाथियों से ग्रामीणों की खेती बचाया हेतु 700 मीटर बी–हाइव फैन्सिंग कार्य सुलतापूर्वक किया गया है। | मानव वन्यजीव संघर्ष के न्यूनीकरण हेतु | चयनित |
| 21 | श्रीमती रंजना देवी पत्नी श्री विनोद लाल, ग्राम नैलकुड़ाव, चमोली। | अध्यक्ष, जय भैरवनाथ स्वयं सहायता समूह, नैलकुड़ाव। | केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर। | इनके द्वारा स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु लैण्टाना से निर्मित हस्त उत्पाद, कण्डी, टोकरी, कूड़ेदान आदि निर्मित किये जान रहें हैं, जो कि एक सराहनीय कार्य है। इससे वन क्षेत्रों एवं ग्रामीण आबादी के आस–पास का लैण्टाना का उन्मूलन एवं जैव विविधता का संरक्षण होने में सहायक है। | लैण्टाना उन्मूलन व जैव विविधता संरक्षण हेतु। | चयनित |

11/8/23
(बी0पी0 गुप्ता)
अपर प्रमुख वन संरक्षक (प्रशासन)
वन विभाग, उत्तराखण्ड।